## न्यूज ब्रीफ

### सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए राज्यमंत्री ने किया पूजन

**कानपुर देहात।** अकबरपुर-रनिया विधानसभा क्षेत्र में जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण एवं विशेष मरम्मत कार्यों की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। क्षेत्र की सदर विधायक एवं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला तथा पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने विधानसभा क्षेत्र की 6 प्रमुख सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमि पूजन किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इन मार्गों के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के प्रयासों से स्वीकृति मिलने के बाद अब कार्य का शुभारंभ हो गया है। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के साथ तिगाई से रोशनमऊ-सरसी मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। लगभग 5 .150 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर करीब 10 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही प्रतापपुर-रास्तपुर मार्ग (लंबाई लगभग 5 किलोमीटर) का निर्माण भी लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव

**कानपुर देहात।** कानपुर-दिल्ली रूट पर बैजूपुरवा गांव के पास रेलवे लाइन किनारे मंगलवार की सुबह बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। खंबा नंबर 1059/18-20 के पास डाउन लाइन पर मिले व्यक्ति की पहचान करौंदा चांदी गांव निवासी अमरसिंह के रूप में हुई है। प्वाइंट मैन ने अमरसिंह का शव ट्रैक किनारे पड़ा देखा तो स्टेशन मास्टर अशोक कुमार को सूचना दी। सूचना मिलते ही एस आई दूरबीन सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मृतक के परिजनों को सूचना दी।

### कचहरी परिसर की झाड़ियों में लगी आग

**कानपुर देहात।** मंगलवार की दोपहर माती कचहरी में झाड़ियों में आग लग गई। घटना उस स्थान के पास हुई जहां वकीलों के लिए नए चैंबरों का निर्माण कार्य चल रहा है। आग लगने से परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि न्यायालय में अवकाश होने के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि आग तेजी से आसपास की झाड़ियों में फैली जिससे काफी धुआं उठने लगा। इसकी सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र में ओमनी वैन की टक्कर से घायल बाइक सवार को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक की पहचान जगनपुर गांव निवासी 23 वर्षीय निशांत उर्फ छोटू के रूप में हुई है। बताया गया कि निशांत उर्फ छोटू बीते दिवस अपने घर से बाइक पर सवार होकर देवकी पुरवा में अपने मित्र गोलू से मिलने जा रहा था। तभी रूरा मिंडा कुआं मार्ग पर जगनपुर गांव के आगे स्थित एक डिग्री कॉलेज के सामने मिंडा कुआं की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ओमनी वैन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल निशांत को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान मौत हो गई।

# अचानक छाई कोहरे की घनी चादर, कम हुई दृश्यता

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** मौसम के अचानक करवट लेने से सुबह क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। मौसम के इन तेवरों से किसान अपनी लाही व आलू फसलों के लिए चिंतित है। उसकी पकी हुई लाही की फसलें अधिसंख्य खेतों में खड़ी है जबकि अनेक किसानों के खेतों में लाही कटी पड़ी हुई है। इसके साथ ही आलू खुदाई का भी काम जोरों पर चल रहा है।

मौसम के अचानक करवट लेने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह अप्रत्याशित बदलाव फसलों के लिए चिंता का विषय बन गया है।



सुबह साढ़े सात बजे हेड लाइट जलाकर गुजरता ऑटो। अमृत विचार

मंगलवार सुबह मौसम का बदलाव घने कोहरे और (धुंध) के रूप में देखा गया। सुबह के समय कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। मौसम के इस बेमौसम बदलाव से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

किसान अपनी उपज को लेकर चिंतित हैं और संभावित क्षति को लेकर खेतों में जी जान से जुट गए हैं। इसके साथ ही वह चिंतित भी हैं। क्षेत्र के शिव सिंह यादव, दिनेश संखवार, रजनीश बाजपेई, विधान, किसन मिश्रा, रमाकांत बाजपेई, सौरभ यादव आदि अनेक किसानों का कहना है कि यदि इस धुंध के साथ बारिश होती है, तो उनकी फसलों पर इसका और भी अधिक विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

### कोहरे के चलते हाईवे पर भी चालकों को हुई समस्या

- **रनियां :** मंगलवार सुबह औद्योगिक क्षेत्र रनियां में अचानक मौसम में काफी बदलाव देखने को मिला। सुबह-सुबह टहलने निकले लोगों को जनवरी जैसा कोहरा दिखाई दिया। कोहरे से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की गति धीमी हो गई और हेड लाइट जलानी पड़ी। होली जलने के बाद शुरू हुए चैत्र महीने में मौसम में दिन में गर्मी काफी तेजी से बढ़ रही है, जबकि रात में अभी मौसम खुशनुमा बना हुआ है। बदलते मौसम के बीच मंगलवार की सुबह लोगों को जनवरी जैसी सर्दी का अहसास हुआ। सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित नजर आया। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई और हाईवे पर चलने वाले वाहनों को दिन में ही अपने अपने वाहनों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। स्थानीय लोगों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि पिछले कई सालों में ऐसा नहीं देखा गया है ये सब वातावरण में प्रदूषण बढ़ने की वजह से संभव हुआ है। डॉ. विशाल भसीन ने बताया कि बदलते मौसम में सर्दी-खांसी बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। कुछ दिनों तक एसी और ठंडे पानी के सेवन से बचें।

# अज्ञात वाहन को बचाने में ई-रिक्शा पलटा, बचे लोग

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** रसूलाबाद बिल्हौर रोड पर मंगलवार को असालतगंज गौशाला के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन को बचाने के प्रयास में एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरा।

हादसे में ई-रिक्शा में सवार सभी पांच लोग बाल बाल बच गए। धर्मपुर ज्ञानी याकूबपुर औरैया निवासी जगदीश ने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ घुसुआ पुर के एक मंदिर में हवन करने जा रहे थे। इसी दौरान असलागंज गौशाला के समीप सामने से आ रहे हैं एक तेज रफ्तार वाहन को बचाने के कोशिश में उनका रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड्ड में जा गिरा। इस दुर्घटना में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। ई-रिक्शा में सवार एक बच्चे को मामूली चोटें आईं। जबकि चालक जगदीश को भी चोटे लगी हैं।



अनियंत्रित होकर पलटा पड़ा ई-रिक्शा।

# सैनिकों की टुकड़ी ने अग्निवीर को दी सलामी, हुआ अंतिम संस्कार

## होली के त्योहार में आए थे घर, टहलते समय फिसला पैर, इलाज के दौरान निधन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के करौसा गांव में होली की छुट्टी पर घर आए अग्निवीर सैनिक की घर के बाहर टहलते समय पैर फिसलने से मृत्यु हो गई। गिरने के बाद घायल होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। वहीं इलाज के दौरान निधन हो गया। तब शव को यहां लाया गया। अंत्येष्टि से पूर्व तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को देख परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। करौसा गांव के निवासी योगेंद्र पाल उर्फ छोटे लाल के पुत्र अमित कुमार यादव भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए थे। इन दिनों 13 कुमायूं रेजिमेंट में तैनात थे। हाल में वह होली का त्योहार मनाने के लिए छुट्टियां लेकर घर आए हुए थे। होली के दिन बुधवार को वह घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट लगी। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए कानपुर के सेना अस्पताल ले गए जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए कमांड हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती कराया गया लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।



अमित यादव।



अग्निवीर को अंतिम सलामी देने पहुंचे सैनिक। अमृत विचार

अमित के निधन की सूचना मिलने के बाद सेना के जवान उनके पार्थिव शरीर को लखनऊ से गांव लेकर पहुंचे। जैसे ही तिरंगे में लिपटा हुआ शव गांव पहुंचा, उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी उमड़ पड़े। अंतिम संस्कार से पहले सेना की टुकड़ी ने उन्हें पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी। असम रेजिमेंट की टुकड़ी और स्टेशन हेडक्वार्टर की टीम ने वीर जवान को अंतिम विदाई दी। अमित की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता योगेंद्र पाल, मां सत्यवती, भाई सौरभ समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। सपा के जिलाध्यक्ष अरूण यादव बब्लू राजा सहित क्षेत्र के युवा समाजसेवी मोनू यादव और सोनू यादव एडवोकेट ने परिजनों को सांत्वना प्रदान की।

**13** कुमायूं रेजिमेंट में तैनात थे अमित यादव

# बाइक सवार लुटेरों ने ससुराल जा रही विवाहिता को दिन दहाड़े लूटा

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** कठिका रामपुर से विदा होकर मंगलवार को कार से ससुराल जा रही एक दुल्हन के सारे जेवरात दो बाइक सवार चार लुटेरों ने दिनदहाड़े लूट लिए। लुटेरों ने आगे गाड़ी अड़ाकर कार रोक ली और दुल्हन के सारे जेवरात लेकर भाग गए। इसकी सूचना लूट का शिकार हुए लोगों ने नार खुर्द चौकी प्रभारी को दी। उन्होंने तत्काल मामले में एक बाइक सवार को पकड़ कर हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मामले को ओवरटेकिंग को लेकर हुआ विवाद बताया है। घटना के बाद दूल्हे ने दुल्हन के जेवरात जाने की बात को नकारते हुए केवल अपनी ही दो अंगूठियां ले जाने की बात कही।

हेमा का पुरवा थाना सहायल जिला औरैया निवासी अंकित पुत्र अनिल कुमार का विवाह का कठिका रामपुर थाना मंगलपुर निवासी राजेश की पुत्री रंजना से तय हुआ था। इसके तहत बारात सोमवार को कठिका रामपुर पहुंची। मंगलवार को दूल्हा अंकित दुल्हन रंजना को परिवार की कुछ औरतों के साथ एक कार पर विदा कराकर ले जा रहा था। रास्ते में दो बाइकों पर सवार चार लोगों ने भवनपुर भत्ते के निकट कार के आगे गाड़ी अड़ाकर कार रुकवा ली। रंजना ने बताया कि लुटेरे डंडों से लैस थे। उन लोगों ने उसके जेवरात सोने की मांगबेदी, हार ,नथनी ,कान के झाले, एक अंगूठी, चांदी की कमर पेटी व पायल उतरवा ली और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।



आपबीती बताती दुल्हन रंजना।

वही लूट के इस मामले में हेमा का पुरवा थाना सहायल जिला औरैया निवासी दूल्हे अंकित ने बताया कि लुटेरे युवक उनके गांव के ही थे और केवल उसकी दो अंगूठियां छीन ले गए हैं जब उससे पूछा गया कि दुल्हन के जेवरात जाने और उसके रोने की बात क्या है तो उसने बताया वह गलत है। दुल्हन के जेवरात उनके पास है। बाद में घटना की जानकारी लूट का शिकार हुए दूल्हे और दुल्हन ने नार खुर्द चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह को दी। उन्होंने तत्काल बाइक सवार लुटेरों में दूल्हे के गांव के ही हेमा का पुर्वा निवासी जानू को हिरासत में ले लिया है। दूल्हे अंकित के अनुसार सभी लुटेरे उसके गांव हेमा का पुरवा के ही हैं जो बारात के साथ ही गए थे। इस संबंध में नार चौकी प्रभारी शिव बहादुर सिंह ने बताया कि मामला ओवरटेकिंग को लेकर विवाद का है। लूट की घटना गलत है। लूट के आरोपी दूल्हे के गांव के ही निवासी हैं। हिरासत में लिए गए जानू से पूछताछ की जा रही है। वर और दुल्हन भी पूर्व परिचित बताए जा रहे हैं।

# हनुमान कुटी गौ घाट आश्रम में हुआ सीता-राम नाम जप यज्ञ

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** जिनके चित्त में समता है, जिनका न कोई मित्र है और न ही शत्रु, ऐसे संत सरल हृदय और जगत के हितकारी होते है। यह बात ऋषि वन धाम हनुमान कुटी गौ घाट आश्रम में हो रहे सीता राम नाम जप यज्ञ में आश्रम के 1008 स्वामी ज्ञानी दास जी महाराज ने अपने भक्तों के बीच कही।



स्वामी ज्ञानी दास जी।

मैथा स्थित बेहटा आश्रम में आयोजित 11 दिवसीय सीता राम नाम जप यज्ञ के तीसरे दिन अब भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भक्त यज्ञ शाला की परिक्रमा कर गुरु ज्ञानी दस जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। स्वामी ज्ञानी दास ने अपने भक्तों को संतों के स्वभाव पर चर्चा कर बताया कि संत हृदय नवनीत समाना, संत अत्यंत सरल हृदय वाले होते है। जिनके चित्त में समता है जिनका न कोई मित्र है और न ही कोई शत्रु वह सभी को समान रूप से देखते हैं ऐसे संतों को सारा जगत प्रणाम करता है। बंदउं संत समान चित हित अनहित नहिं कोई संत सरल हृदय और जगत के हितकारी होते है। संत सरल चित जगत हित जानि सुभाउ सनेह। उन्होंने कहा कि सुधा सुरा सम साधु असाधू, जनक एक जग जलधि अगाधू संत और असंत जगत में एक साथ पैदा होते है। पर कमल और जोंक की तरह उनके गुण अलग-अलग होते हैं। संत अमृत के समान और असंत मदिरा के समान है दोनों को उत्पन्न करने वाला जगत रूपी अगाद समुद्र एक ही है। लेकिन दोनों में बडी विसमता है। संतो पर उन्होंने आगे कहा संत अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के भलाई के लिए ही काम करते है। जिनके संपर्क में आने से दुरात्माओं का समन हो जाता है। ऐसी संत वाणी सुन वहां आए भक्तों के हृदय गद गद हो उठे।

# पाइप लाइन में लीकेज होने से आधा सैकड़ा घरों में पानी को तरसे लोग

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां कस्बे के शिवाजी नगर वार्ड में पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन लीकेज होने से करीब 50 घरों में पानी का संकट उत्पन्न हो गया है, जब कि सुबह-शाम टंकी चालू होने से यहां जलभराव हो गया है और आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। सूचना नगर पंचायत को दी गई है।

एक महीने पहले वार्ड की पीपल वाली गली में मुख्य मार्ग पर लगे एक क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदलने के दौरान खोदे गए गड्ढे से पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। समस्या की जानकारी पर नगर पंचायत द्वारा होली के पहले ही लीकेज बंद कराया गया था। लोगों ने राहत की सांस ली थी। दो दिन पहले उसी गड्ढे में एक गाय गिरने से लीकेज फिर हो गया है। जिस जगह पर लीकेज हुआ है वहां एक निजी स्कूल संचालित है और प्रतिदिन लगभग चार-पांच सौ बच्चे गुजरते हैं।



जलभराव के दौरान परेशान होते राहगीर। अमृत विचार

- शिवाजी नगर का मामला जल भरने से परेशान हुए राहगीर

जलभराव के चलते स्कूल संचालक द्वारा रास्ते में ईंट बिछाकर बच्चों को निकाला जा रहा है हालांकि छोटे-छोटे बच्चों और स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां रहने वाले शिव भजन, मंगल सिंह यादव, टीटू यादव, संदीप शर्मा, मो नसीर, निशा पाल, जयराम सिंह, मो शफी आदि लोगों ने बताया कि जलभराव से बहुत दिक्कत हो रही है। इस संबंध में ईओ मनीष राय ने बताया कि दोबारा लीकेज की जानकारी मिली है, जल्द ही समाधान कराया जाएगा।

# बाघपुर में उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, शिवली

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा व प्रदेश मंत्री आशुतोष द्विवेदी के प्रयास से बाघपुर उद्योग व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है।

जिलाध्यक्ष अनुभव अग्रवाल द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार संरक्षक अतुल तिवारी के सानिध्य में विनोद कुमार शुक्ला को अध्यक्ष व संदीप दीक्षित को महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा सुरेश यादव, अनुज बाजपेई, शिवम गुप्ता और सौरभ यादव को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में चंद्रप्रकाश मिश्रा को विधि सलाहकार,अरविंद कुमार को कोषाध्यक्ष तथा संजय कुमार, मनीष कुशवाहा और गोविंद गुप्ता को संयुक्त मंत्री नियुक्त किया गया है। जयनारायण कश्यप को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर प्रदेश मंत्री आशुतोष द्विवेदी,आशुतोष त्रिवेदी, शशांक तिवारी,बलजीत सिंह, विजय मिश्रा , मोहम्मद आसीन, रजत गुप्ता, आशीष कुमार, राजनारायण कश्यप, सुशील मिश्रा , आशीष बाजपेई, आशीष शुक्ला आदि रहे।



मनोनयन के बाद मौजूद व्यापारी। अमृत विचार

## बैठक

डीएम और एसपी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में खींचा गया तैयारी का खाका

# पुलिस भर्ती को लेकर तैयार किया खाका, चौकस रहेंगे इंतजाम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस में अलग-अलग पदों के लिए 14 और 15 मार्च को होने वाली भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। लिखित परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डीएम कपिल सिंह एवं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में तैयारी बैठक हुई। इसमें तैयारियों का खाका खींचा गया। तय किया गया कि परीक्षा से पहले 13 मार्च को रिहर्सल किया जाएगा।

तैयारी बैठक में समस्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि यह परीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसके संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता एवं समन्वय के साथ करें। डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि हर परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। अफसरों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले सभी व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मोबाइल टीमें भी सक्रिय रूप से भ्रमणशील रहेंगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।




कलेक्ट्रेट में तैयारी बैठक करते डीएम और एसपी।

### आधा दर्जन केंद्रों पर बैठेंगे 2312 परीक्षार्थी

- परीक्षा के लिए जिले में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। डीएम ने बताया कि अकबरपुर महाविद्यालय, अकबरपुर इंटर कालेज, अकबरपुर, दयानंद इंटर कॉलेज बाढ़ापुर, राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर, श्रीकृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर, भोगनीपुर और श्री रामस्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज पुखरायां भोगनीपुर में परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 2312 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा दोनों दिनों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्रात : 10 बजे से 12 बजे तक पहली पाली तथा दोपहर बाद तीन बजे से सायं पांच बजे तक दूसरी पाली की परीक्षा होगी।

# कोतवाली पुलिस ने लोगों को वापस किए खोए फोन

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** साइबर हेल्थ डेस्क एवं पुलिस टीम के प्रयास से कोतवाली क्षेत्र के कई गांव के आधा दर्जन से अधिक लोगों के करीब एक लाख रुपये कीमत के मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार को शिवली कोतवाल द्वारा सात लोगों के मोबाइल फोन वापस दिए गए। गुम हुए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

मोबाइल फोन बरामद करने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर हेल्प डेस्क एवं पुलिस टीम द्वारा खोए हुए मोबाइलों को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। साइबर हेल्प डेस्क एवं शिवली पुलिस के प्रयास से शिवली कोतवाली क्षेत्र के कई गांव के सात लोगों के मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

मंगलवार को शिवली कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा मोबाइल स्वामियों यश कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी कुर्मी नेवादा, आदित्य कुमार पुत्र राजवीर निवासी दुंदपुर,ज्योति देवी निवासी देवीपुर,आनंद दिक्षित पुत्र नीरज दीक्षित निवासी कुढ़वा,पवन कुमार पुत्र सुरेश चंद्र निवासी राजपुर,अविनाश पुत्र कमलेश निवासी अनूपपुर,सरनाम सिंह पुत्र जयलाल निवासी नहेड़ी के मोबाइल फोन वापस किए गए। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सभी मोबाइल धारकों के मोबाइल फोन वापस कर दिए गए है।

# धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, भागवत से जीवन को मिलती सही दिशा

**रसूलाबादः** श्रीमद् भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। भागवत का अर्थ है भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तारण।

यह बात ग्राम बैरीसाल स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक ने भागवत महात्म्य प्रसंग के दौरान कहीं। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि श्रीमद् भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह मानव जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। उनके जीवन से यह सीख मिलती है कि मनुष्य को सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए तथा समाज के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला।

सुविचार



वक्त बहुत कम है यदि हमें कुछ करना है तो अभी से शुरुआत कर देनी चाहिए।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

अमृत विचार
कानपुर महानगर

कानपुर के प्रमुख समाचार


- मार्च में कोहरा, पता नहीं क्या हो रहा-II
- 50 हजार होटल-रेस्टोरेंट पर खाने का संकट -III
- ढोल-मंजीरा, ऊंट-घोड़ा, निकला रंगों का ठेला -IV


कानपुर, बुधवार, 11 मार्च 2026

# जय हो ! मोदी-योगी ने गंगा मेला पर दी रंगों की सौगात

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999



**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी : 6:19
शिया : 6:27

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी : 4:59
शिया : 4:52

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : ये लोग हमेशा भलाई के साथ रहेंगे जब तक कि इफ्तार में जल्दी करेंगे।

## ट्रांसगंगा सिटी फोरलेन पुल का तोहफा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा मेला पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर को गंगा पर फोरलेन पुल निर्माण की मंजूरी देकर लोगों का उत्साह दोगुना कर दिया। यह पुल वीआईपी रोड से बैराज मार्ग पर स्थित ट्रांसगंगा सिटी तक बनेगा, जिससे लोगों को आउटर रिंग रोड तथा कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के लिए बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। ट्रांस गंगा सिटी को वीआईपी रोड से जोड़ने वाले फोरलेन पुल के निर्माण का फैसला मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। 753 करोड़ रुपये लागत से बनने वाले इस फोरलेन पुल को शासन की व्यय वित्त समिति से स्वीकृति मिलने के बाद हालिया बजट में पहले ही स्वीकृति प्रदान की जा चुकी थी। सेतु निगम की लखनऊ इकाई अब इस पुल निर्माण के लिए जल्दी ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगी।

वीआईपी रोड से ट्रांसगंगा सिटी तक फोरलेन पुल की कुल लंबाई 4.2 किलोमीटर होगी। यह पुल ''वाई-आकार'' में बनाया जाएगा, जिसमें गंगा पर 1825 मीटर का मुख्य हिस्सा वाई-आकार में होगा। पुल ट्रांसगंगा सिटी के गेट नंबर-2 के पास से शुरू होने पर फोरलेन का होगा, लेकिन गंगा के ऊपर आते ही इसका आकार अंग्रेजी के वाई अक्षर जैसा हो जाएगा। लखनऊ की ओर से आने वाले वाहन वीआईपी रोड पर रानी घाट (जलकल पंपिंग स्टेशन) के पास उतरेंगे और भैरवघाट मार्ग होते हुए रेव-3 के समीप से वीआईपी रोड पर पहुंचेंगे। इधर, शहर से ट्रांसगंगा सिटी, उन्नाव, लखनऊ की ओर जाने के लिए लोग रानी घाट से पुल पर चढ़ेंगे और भैरवघाट मंदिर व जलकल के पंप हाउस के बीच से होते हुए पुल पर जाएंगे। इस फोरलेन पुल की कनेक्टिविटी भविष्य में वीआईपी रोड के समानांतर बनने वाले गंगा रिवर फ्रंट से भी होगी। यह परियोजना जाजमऊ पुल और शुक्लागंज पुल पर ट्रैफिक लोड कम करने के साथ कानपुर-लखनऊ के बीच यात्रा को तेज व सुगम बनाएगी। पूरी परियोजना 36 माह में पूरी होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस पुल के बनने से आर्यनगर, स्वरूप नगर, गुमटी, पीरोड, गोविंदनगर, दादानगर, विजय नगर, सीटीआई आदि इलाकों के लोगों को लखनऊ आना-जाना आसान हो जाएगा।



**1825** मीटर गंगा पर हिस्सा

**02** नंबर गेट से शुरू होगा

| | |
|---|---|
| कुल लंबाई | 4.2 किमी |
| चौड़ाई | 04 लेन |
| लागत | 753 करोड़ |
| समय सीमा | 36 माह |

### विकास की ओर

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में वीआईपी रोड-ट्रांसगंगा सिटी पुल को मिली मंजूरी
- शासन की व्यय वित्त समिति से स्वीकृति के बाद प्रदेश के बजट में पहले ही दी जा चुकी थी स्वीकृति
- इसके निर्माण के बाद से रिंग रोड तथा लखनऊ एक्सप्रेसवे को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी, जाजमऊ और शुक्लागंज पर घटेगा बोझ

### 11 साल चली इसकी कवायद

- वर्ष 2015 में ट्रांसगंगा सिटी के लिए सरसैया घाट से पुल बनाने की योजना बनी थी। तब इसकी लागत 450 करोड़ रुपये आंकी गई थी, जिसे सर्वे और स्थलीय सर्वेक्षण के बाद बढ़ाकर 538.18 करोड़ रुपये कर दिया गया था। यूपीएसआईडीसी (यूपीसीडा) की 46वीं बोर्ड बैठक में इस बजट को मंजूर किया गया। लेकिन बाद में तय हुआ कि इस पुल का निर्माण सरसैया घाट से होने पर वीआईपी रोड पर जाम लगेगा, इसलिए स्थान बदलने का निर्णय लिया गया। नए सर्वे में रानीघाट के पास से फोरलेन पुल बनाने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि पूरा बजट शासन स्तर से दिया जाएगा।

## गंगा और पांडु नदी में गिरने वाले 14 नाले होंगे बंद, सुधरेगी दशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में अविरल-निर्मल गंगा की धारा उपलब्ध कराने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन पूरा करने के लिए नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा ने शहर से गंगा में गिरने वाले 14 नालों को बंद करने के लिए 138.11 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इन नालों को टैप करने से गंगा व पांडु नदी में नालों का पानी जाना रुक जाएगा। नालों को टैप करके उनका प्रवाह ट्रीटमेंट प्लांट्स की तरफ मोड़ दिया जाएगा। इससे गंगाजल में प्रदूषण की मात्रा काफी कम हो जाएगी। गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई (जल निगम) के परियोजना प्रबंधक के अनुसार अगले दो वर्षों के भीतर अनटैप्ड नालों के इंटरसेप्शन और डायवर्जन का बड़ा काम पूरा कर लिया जाएगा।

कानपुर में कुल 33 नाले हैं। इनमें 27 नाले शहर और 6 नाले बिठूर में स्थित हैं। शहर के 27 नालों में से 18 नाले गंगा नदी एवं 9 नाले पांडु नदी में गिरते हैं। गंगा में गिरने वाले 18 नालों में 11 नाले टैप, 6 अनटैप तथा एक नाला बरसाती है। इसी तरह पांडु नदी में गिरने वाले 9 नालों में 4 नाले टैप, 3 नाले अनटैप तथा 2 नाले आंशिक टैप हैं। सभी 14 अनटैप नालों के टैपिंग कार्य के लिये डीपीआर बनाई गई थी। नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा ने पिछले वर्ष इसके लिए बनाई गई 138 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृति प्रदान की थी। डीपीआर के अनुमोदन व धनावंटन होने के बाद जल निगम की गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दे चुकी है।

अभी जो नाले टैप नहीं हैं, उनके सीवेज का शोधन नगर निगम द्वारा बायोरिमेडियेशन के जरिये कराया जाता है, लेकिन इस काम में अक्सर लापरवाही सामने आती रही है।

**कहीं सीधे गंगा में गिरती गंदगी तो कहीं सीवेज ओवरफ्लो होता:** शहर में अभी रानीघाट नाला, गोलाघाट, सतीचौरा, डब्का, मदारपुर व किशनपुर 6 नाले अनटैप हैं, जिनसे गंदगी गंगा में गिरती है। इसके अलावा 2 आंशिक टैप परमिया व गुप्तारघाट नाले से ओवरफ्लो होकर सीवेज गंगा नदी में मिलता है। पांडु नदी में 3 अनटैप नाले पिपौरी, अर्रा, सागरपुरी की गंदगी गिरती है। पांडु नदी में आंशिक रूप से टैप 3 नाले हलवाखाड़ा, पनकी थर्मल व गंदे नाला ओवरफ्लो होकर गिरता है।



गंगा में जाता नाला। अमृत विचार

### किस नाले से गिरती कितनी गंदगी

| | |
|---|---|
| रामेश्वर घाट नाला | 2.94 एमएलडी |
| रानी घाट नाला | 2.39 एमएलडी |
| गोलाघाट नाला | 1.79 एमएलडी |
| सतीचौरा नाला | 1.37 एमएलडी |
| मैस्कर घाट नाला | 1.10 एमएलडी |
| डबकेश्वर घाट नाला | 2.14 एमएलडी |
| अर्रा ड्रेन | 3.54 एमएलडी |
| ट्रांसपोर्ट नगर | 4.22 एमएलडी |
| गंदा नाला | 42.93 एमएलडी |
| हलवा खेड़ा नाला | 15.02 एमएलडी |

- नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा ने जारी किए 138.11 करोड़ रुपये
- नालों को टैप करके उनका प्रवाह ट्रीटमेंट प्लांट्स की तरफ मोड़ा जाएगा
- दो साल के भीतर पूरा होगा काम, शहर में गंगा होगी अविरल और निर्मल

### शहर विकास के नए पथ पर



- सांसद रमेश अवस्थी ने वीआईपी रोड- ट्रांसगंगा सिटी फोरलेन पुल के लिए कैबिनेट की मंजूरी और गंगा में गिरने वाले सभी 14 अनटैप नाले बंद करने के लिए 138.11 करोड़ रुपये जारी किए जाने पर हर्ष जताते हुए कहा है कि अब शहर विकास के नए पथ पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने बताया कि नालों को टैप करने का काम नई दिल्ली की फर्म के पास है। सांसद ने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं के लिए वह लगातार प्रयासरत थे। अभी शहर के विकास से जुड़ी कुछ अन्य बड़ी परियोजनाओं के लिए उनके प्रयास पाइप लाइन में हैं, जिन्हें जल्दी ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।



"ट्रांसगंगा सिटी पुल के निर्माण से लखनऊ आना जाना आसान हो जाएगा। सरकार ने शहरवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। अब जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है।
– मनीषा वाजपेयी, समाजसेविका



"गंगा पर पुल के निर्माण को मंजूरी गंगा मेले पर किसी तोहफे से कम नहीं है। इसके साथ ही गंगा और पांडु नदी में गिर रहे नालों को टेप करने के लिए बजट मिलना सुखद है।
– संजीव जैन नेता, समाजसेवी



"गंगा पर पुल की मांग वर्षों से की जा रही थी। सरकार ने हमारी मांग को पूरा किया इसके लिए धन्यवाद। ट्रांसगंगा सिटी में निवेश भी बढ़ेगा।
– दीपक द्विवेदी, अध्यक्ष ट्रांसगंगा सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन



"गंगा में प्रदूषण खत्म करने के लिए सरकार ने बजट आवंटित करके बड़ा कार्य किया है। सांसद रमेश अवस्थी ने इसके लिए बड़ा प्रयास किया। इसके लिए उन्हें बहुत धन्यवाद।
– रोहित टंडन, उद्यमी

## सिटी ब्रीफ

### रंग खेलने के बाद तालाब में नहाते युवक डूबा

**कानपुर।** बाबूपुरवा में गंगा मेला पर रंग खेलने के बाद तालाब में नहाने गया युवक डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला व पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जूही राखी मंडी निवासी 18 वर्षीय राजेश उर्फ लल्लू प्राइवेट नौकरी करता था। परिवार में मां सुनीता और छह भाई-बहनों में वह सबसे बड़ा था। मां सुनीता ने बताया कि वह दोस्तों के साथ रंग खेलने के बाद लाल डिग्गी स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहराई में चला गया, जिससे डूब गया। मौजूद दोस्तों ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब आधे बाद शव को बाहर निकलवाया। बड़े बेटे की मौत से मां सुनीता और भाई-बहनों में कोहराम मच गया। बाबूपुरवा थानाप्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि डूबने से युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम शव भेजा गया है।

### नाले में मिला लापता इलेक्ट्रिशियन का शव

**कानपुर।** गोविंदनगर में लापता इलेक्ट्रिशियन का शव घर के पास ही नाले में मंगलवार शाम को पड़ा मिला। गोविंदनगर थानाप्रभारी रिकेश सिंह ने बताया कि युवक की पहचान गुजैनी के जी-ब्लाक निवासी 35 वर्षीय अंबरीश गुप्ता के रूप में हुई। वह मां लीला देवी और बहन प्रीति के साथ रहता था। प्रीति ने बताया कि भाई इलेक्ट्रिशियन का काम करते थे। होली के दिन से भाई घर नहीं आए तो लगा कि भाभी के घर गए होंगे। मंगलवार को घर के पीछे नाले में शव पड़ा होने की सूचना मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि चोट के निशान युवक के शरीर पर नहीं मिले हैं।

## ग्रीनपार्क का किराया कम होने से बढ़ेगा क्रिकेट का रोमांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीन पार्क स्टेडियम को विश्व पटल पर चमकाने का अपना वादा पूरा करते हुए योगी सरकार ने बजट में 350 करोड़ रुपये जारी करने के बाद अब यहां होने वाले मैचों का किराया भी कम कर दिया है। मंगलवार को लखनऊ में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को ग्रीनपार्क स्टेडियम के उपयोग से जुड़े अनुज्ञा-अनुबंध में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इससे अब यूपी टी-20 लीग के एक मैच का किराया 2.50 लाख रुपये तथा द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों का किराया पांच लाख रुपये निर्धारित हो गया है। संशोधित अनुज्ञा-अनुबंध में इस किराये में हर पांच साल में 25 फीसदी की वृद्धि करने का अधिकार दिया गया है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय टी-20, वनडे और टेस्ट मैच के पूर्व निर्धारित किराये में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

यूपीसीए ने वर्ष 2023 में शुरू की गयी यूपी टी-20 लीग के पहले सत्र का आयोजन ग्रीनपार्क स्टेडियम में किया था। इसमें कुल 33 मैच खेले गये, जिसके लिए खेल विभाग ने प्रति मैच लगभग 33 लाख रुपये किराया बताकर 10 करोड़ से ऊपर का बिल थमा दिया था। इस पर यूपीसीए मामले को प्रदेश सरकार के पास ले गई थी। मामले पर एक समिति बनाकर प्रशासनिक अधिकारियों को भी शामिल किया गया था। अंतिम फैसला आने तक यूपीसीए ने एक करोड़ रुपये जमा करा दिए थे।

समिति ने जो प्रस्ताव बनाकर कैबिनेट में भेजा था, उसमें यूपी टी-20 लीग के एक मैच के लिए एक लाख रुपये तथा भारत-ए और आस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के मैचों के लिए पांच लाख रुपये किराया निर्धारण शामिल था। लेकिन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव में संशोधन करते हुए यूपी टी-20 के प्रति मैच के लिए 2.50 लाख तथा द्वितीय श्रेणी मैचों के लिए पांच लाख रुपये किराये को मंजूरी दे दी गई।



अब और निखरेगा ग्रीनपार्क।

- **यूपी टी-20 लीग के एक मैच के लिए 2.50 लाख तथा द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैच के देने होंगे पांच लाख रुपये**

### यूपी टी-20 लीग होने की पूरी संभावना

- किराया संशोधन से ग्रीनपार्क में यूपी टी-20 लीग का चौथा सीजन आयोजित होने की पूरी संभावना है। किराया फैसले के इंतजार में ही यूपीसीए ने पिछले दो सीजन लखनऊ में कराए थे, जहां उसे सात लाख रुपये किराया देना पड़ता था। यूपीसीए यूपी टी-20 के पहले सीजन के लिए एक करोड़ रुपये जमा कर चुका था, पहले सीजन में हुए कुल 33 मैचों का किराया अब 82.50 लाख ही होता है।

"प्रदेश की योगी सरकार ने ग्रीनपार्क स्टेडियम के किराये में जो कमी की है उससे यहां यूपी टी-20 लीग के चौथे सीजन के साथ ही कई अन्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन को रफ्तार मिलेगी।
-डा. संजय कपूर, चेयरमैन, यूपी टी-20 लीग।

## फर्जी डिग्री बेचने वाले गिरोह का एक बिचौलिया नोएडा में धरा गया

**अपराध**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एसआईटी ने दबोचा, विवि में प्रवेश के नाम पर वसूली करता था आरोपी**
- **गिरोह के सदस्यों के नौ राज्यों के 14 यूनीवर्सिटी से जुड़े से कनेक्शन**

**अमृत विचार।** बिना प्रवेश व परीक्षा के नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्री व मार्कशीट मुहैया कराने वाले गिरोह का एक शातिर नोएडा से एसआईटी के हत्थे चढ़ा। वीके नाम से चर्चित यह बिचौलिया कई विश्वविद्यालयों के लिए मार्केटिंग का काम करता था। गिरोह के मास्टरमाइंड शैलेंद्र कुमार ओझा के संपर्क में रहकर फर्जी डिग्रियां उपलब्ध कराता था।

बता दें कि बीती 18 फरवरी को किदवईनगर पुलिस ने जूही गोशाला चौराहा के पास स्थित शैल ग्रुप ऑफ एजुकेशन के कार्यालय में छापा मारा था। जहां से पुलिस ने नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों व माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की एक हजार से अधिक मार्कशीट, डिग्रियां बरामद की थीं। इनमें बीटेक, एमटेक, बी-फार्मा, डी-फार्मा और एलएलबी समेत कई कोर्स की डिग्रियां थीं। मौके से पुलिस ने चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि यह गिरोह 2012 से फर्जी डिग्री, माइग्रेशन और अंकपत्र तैयार करने का धंधा चला रहा था।

पुलिस जांच में गिरोह का मास्टरमाइंड शैलेंद्र कुमार ओझा था। जिसके साथ नागेश मणि त्रिपाठी, जोगेंद्र व अश्वनी कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जांच के दौरान पुलिस को शैलेंद्र के बैंक खातों में पिछले चार वर्षों में करीब सात करोड़ रुपये के लेनदेन के साक्ष्य भी मिले। मामले की जांच कर रही एसआईटी ने अब संबंधित विश्वविद्यालयों से संपर्क कर बरामद डिग्री व मार्कशीट का सत्यापन शुरू कर दिया है। सोमवार को एसआईटी की टीम सिक्किम, झारखंड व उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों के लिए रवाना हुई। जहां दस्तावेजों की जांच के साथ कर्मचारियों व बाबुओं से पूछताछ की जाएगी।

एसआईटी प्रभारी योगेश कुमार के अनुसार शैलेंद्र की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच के दौरान एक बिचौलिए का सुराग मिला था। उसे नोएडा से हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि वह नोएडा, जयपुर व हापुड़ स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी में मार्केटिंग का काम कर चुका है। मामले में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही हैं।

एक्सक्लूसिव

साइटसेवर्स संस्था ने नेत्र रोग विभाग को दान में दी 20 लाख की मशीन

## हैलट में लेजर मशीन से मिलेगा नेत्र रोगियों को इलाज

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में आने वाले नेत्र रोगियों को अब लेजर मशीन से इलाज का लाभ मिलेगा। लेजर मशीन की मदद से आंखों की झिल्ली (कॉर्नियल परत या मोतियाबिंद) हटाने में अत्यधिक सटीकता आएगी और काफी सुरक्षित व दर्द रहित प्रक्रिया सपन्न हो सकेगी। 24-48 घंटे के भीतर तेजी से रिकवरी होगी और मरीज को चश्मे से आजादी मिलेगी। ब्लेडलेस प्रक्रिया होने के कारण जोखिम कम होगा और दृष्टि के परिणाम और अधिक बेहतर होंगे।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में अभी तक लेजर मशीन की सुविधा नहीं थी, ऐसे में यहां पर आने वाले कुछ मरीज जब लेजर से ऑपरेशन की इच्छा जगाते थे तो उनको लखनऊ भेजा जाता था। यहां पर लेजर मशीन की जरूरत को समझते हुए साइटसेवर्स संस्था ने करीब 20 लाख रुपये की कीमत से एक लेजर मशीन दान की है। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ.परवेज खान ने बताया कि लेजर तकनीक कॉर्निया को अत्यंत सटीकता से आकार देने का काम करेगी, जिससे मानवीय भूल की संभावना न के बराबर होती है। यह एक ब्लेडलेस प्रक्रिया है, जो पारंपरिक सर्जिकल तरीकों की तुलना में कम दर्दनाक होती है और संक्रमण का खतरा भी कम करती है। यह प्रक्रिया बहुत तेज अक्सर 10-15 मिनट की होती है और आमतौर पर दर्द रहित होती है, जिसमें ठीक होने का समय बहुत कम लगता है। अधिकांश मरीज 24 घंटे के भीतर स्पष्ट देखने लगते हैं और सामान्य गतिविधियों में लौट सकते हैं। वहीं, इस तकनीक से यह निकट दृष्टिदोष, दूरदर्शिता और दृष्टिवैषम्य (कॉर्निया या लेंस की अनियमित वक्रता के कारण) को ठीक करके चश्मे या कॉन्टैक्ट लेंस की निर्भरता को काफी कम या समाप्त कर देता है। एक बार जब लेजर उपचार से दृष्टि स्थिर हो जाती है तो परिणाम आमतौर पर स्थायी होते हैं। लेजर का उपयोग ग्लूकोमा के प्रबंधन में भी किया जा सकता है, जो इसे सुरक्षित और प्रभावी बनाता है।

**ऐसे करें बचाव :** बार-बार हाथ धोएं, खासकर आंखों को छूने से पहले, आंखों को बार-बार न रगड़े, इससे जलन या संक्रमण फैल सकता है। तौलिया, तकिया, आई मेकअप और चश्मा दूसरों के साथ साझा करें। घर से बाहर निकलते समय धूप का चश्मा पहनें। कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं तो उन्हें रोजाना उसे साफ करें। दिन में दो बार गर्म सिकाई करें, ताकि पलकों की ग्रंथियां साफ रहें।



हैलट में मरीज देखते डॉक्टर।

### लेजर का मुख्य उपयोग

- लेजर का मुख्य उपयोग चश्मा हटाने के लिए किया जाता
- दूर व पास की की चीजें न दिखना।
- कॉर्निया के आकार के कारण धुंधली दृष्टि।
- उम्र के साथ पास की दृष्टि कमजोर होना।
- लेजर द्वारा आंख के अंदर का दबाव कम करने में।
- मधुमेह के कारण रेटिना की क्षतिग्रस्त रक्त वाहिकाओं के इलाज में।
- मोतियाबिंद के बाद लेंस के पीछे की झिल्ली धुंधली होने पर
- रेटिनल होल या लैटिस डीजेनरेशन (रेटिना के कमजोर धब्बे) को ठीक करने में
- कॉर्निया को मजबूत करने के लिए लेजर समर्थित उपचार।

## सिटी ब्रीफ

### बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में बीमारी से तंग आकर एक बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकालकर उसे बारासिरोही सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कल्याणपुर के अशोक नगर निवासी रिंकू चंदेल प्राइवेट कर्मी है। उनकी 75 वर्षीय मां राममूर्ती लंबे समय से गंभीर बीमारियों से जूझ रही थी। जिससे तंग आकर बुजुर्ग राममूर्ति ने मंगलवार को कमरा बंद कर साड़ी सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छोटे बेटे टिंकू ने बताया कि दोपहर को बेटा शिवांक हाईस्कूल के पेपर देकर घर आया, तब परिजनों को घटना की जानकारी हुई। वहीं शव का पोस्टमार्टम कराने की बात पर परिजनों ने इनकार कर दिया। कल्याणपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया की महिला के बुजुर्ग होने के चलते परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस पर पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़ी चालक घायल

**कानपुर।** जाजमऊ के चुंगी चौराहा पर सोमवार रात बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में कार चालक घायल हो गया। लखनऊ के गोमतीनगर निवासी अविरल अपने दोस्त गोलू यादव, रायबरेली निवासी अमन यादव और आयुष के साथ कानपुर में दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। कार गोलू चला रहा था। जाजमऊ चुंगी चौराहे पर एक बाइक सवार उल्टी दिशा से महिला को लेकर आ रहा था। जिसे बचाने में कार चालक गोलू ने दूसरी ओर कार मोड़ दी। जिससे उसकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर चढ़ गई। राहगीरों ने कार सवारो को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना में कर चला रहे चालक गोलू यादव को मामूली चोट आई है।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

कानपुर। कोहना में बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने रिपोर्ट कराई है। रानी घाट सरजू पुरवा निवासी ललिता देवी की तहरीर के अनुसार पांच मार्च की रात घर के बाहर बच्चों के बीच विवाद हो गया था। हो-हल्ला सुनकर पति विनोद दास ने मामला शांत करा दिया। अगले दिन पड़ोसी राजू, बंटी, बल्लू व रूपरानी घर के बाहर आई और गाली-गलौज करने लगी।

# ट्रांसपोर्ट में हुई चोरी का खुलासा, दो दबोचे गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी फुटेज से पकड़ में आए चोर, दो की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** जूही में ट्रांसपोर्ट के बाहर से हार्डवेयर का सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। जबकि फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के सात नग सामान बरामद किया है। होली पर बाजार बंद होने के कारण आरोपी ई-रिक्शा से माल लाद ले गए थे और माल भी नहीं बेच पाए।

किदवईनगर निवासी श्याम शुक्ला का मिलिट्री कैंप चौकी के रत्तूपुरवा में ट्रांसपोर्ट है। श्याम के अनुसार बीती एक मार्च को अलीगढ़ से छाबड़ा ट्रांसपोर्ट ने जौनपुर के लिए सात नग हार्डवेयर का सामान बुक किया था। माल ट्रांसपोर्ट के बाहर ही रखा था। देर रात चौकीदार को नींद आने पर ई-रिक्शा से आए तीन चोरों ने करीब दो लाख का हार्डवेयर का माल पार कर ले गए थे। जौनपुर माल न पहुंचने पर दुकानदार ने उनसे संपर्क किया तो उन्हें सीसीटीवी खंगाला। तब जाकर चोरी का पता चला। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरों की मदद से जूही ढाल के पास टायर मंडी निवासी रंजीत, गोस्वामी नगर निवासी धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया गया। गाजीपुर का अंकुर व ढकनापुरवा निवासी जीतू फरार चल रहा है। चारों पल्लेदारी करते हैं। डीसीपी ने बताया कि बाजार बंद होने के कारण आरोपी माल बेच नहीं पाए थे, पूरा माल रंजीत के घर में रखा था। जिसे बरामद कर लिया गया है।

## टेंपो में किसान की जेब काटी

**कानपुर।** सवार बनकर चेन काटने वाला गैंग सक्रिय है। जिसके चलते टेंपो में सवारी बनकर बैठे चोर ने वृद्ध किसान की जेब काटकर 30 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की है। इटावा के भर्थना निवासी संजीव कुमार के अनुसार वह चकेरी के नई बस्ती निवासी अपनी बहन की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए मंगलवार दोपहर गांव से घंघाघर चौराहा पहुंचे। इसके बाद रामादेवी चौराहा पर टेंपो में सवार हुए। संजीव कुमार ने बताया कि उनके बगल में एक युवक बैठा था। जिसने रास्ते मे उनकी जेब काटकर 30 हजार रुपये निकाल लिए। टेंपो रामादेवी चौराहा पहुंची तो उतरे और किराया देने के लिए जेब मे हाथ डाला तो जेब कटी मिली। युवक भी उतरकर भाग निकला। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। पुलिस ने उन्हें घंटाघर में घटना की बात कहते हुए संबंधित थाने में शिकायत करने के लिए कहा।

# मार्च में कोहरा! पता नहीं क्या हो रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इस वर्ष मार्च के महीने में जब दिन का तापमान 35 डिग्री तक पहुंच रहा है, ऐसे में मंगलवार सुबह पूरे जिले में घना कोहरा छाया रहा। इस मौसम में घना कोहरा देखकर लोग हैरान हो गए। सुबह तो हर चौराहे-चौक और खोमचों पर यही चर्चा रही कि गुरु इस मौसम में कोहरा, पता नहीं क्या हो रहा। लोगों ने इसको ईरान व इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर भी बताया। कई लोगों ने इस बात का जिक्र होली के गंगा मेला पर भी किया। वहीं, कुछ ने इसे अपने मोबाइल व कैमरे में कैद किया।

जिले में मार्च से ही गर्मी की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में गंगा मेला के दिन मंगलवार की सुबह जब लोगों ने घर के आसपास व सड़कों पर कोहरा देखा तो वह काफी हैरान हो गए। कुछ ने इसे विदेशों के बीच युद्ध का प्रकोप बताया, जबकि कुछ लोगों ने कहा



शहर में सुबह के समय छाया कोहरा। अमृत विचार

- तापमान पहुंच चुका हैं 35 डिग्री सेल्सियस

कि ये कोहरा नहीं धुआं है। लोगों को सुबह के समय लाइट व डिपर जलाकर निकला पड़ा। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि ये रेडिएशन फॉग था। यह तब होता है, जब दिन में तेज धूप के कारण धरती गर्म हो जाती है और हवा में नमी बढ़ जाती है। रात में जब आसमान साफ होता है तो धरती अपनी गर्मी अंतरिक्ष में तेजी से छोड़ती है, जिससे सतह के पास की हवा अचानक ठंडी हो जाती है। यह ठंडी हवा नमी को धारण नहीं कर पाती और वह पानी की छोटी बूंदों में बदलकर कोहरे का रूप ले लेती है। कोहरे की वजह से तापमान में भी काफी अंतर मंगलवार की सुबह देखना को मिला। तापमान में बदलाव की बड़ी भूमिका होती है। दिन में 35 डिग्री सेल्सियस और रात में तापमान गिरकर 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तक आने से वातावरण में जो अस्थिरता पैदा होती है, वह सुबह के समय घने कोहरे या धुंध का कारण बनती है। अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

### मार्च में पश्चिमी विक्षोभ से आती नमी

- वैज्ञानिकों के मुताबिक मार्च में सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में नमी लेकर आते हैं, यह नमी जब रात की ठंडी हवा के संपर्क में आती है, तो कोहरा सघन हो जाता है। वहीं, अगर हवा की गति बहुत कम या शांत है तो कोहरा बिखर नहीं पाता और सतह के करीब जमा रहता है। हवा में मौजूद धूल और धुएं के कण कंडेनसेशन न्यूक्लिआई का काम करते हैं, जिनपर नमी आसानी से जम जाती है और कोहरा अधिक घना दिखने लगता है।

# भागवतकथा में तीन महिलाओं की चेन और मंगलसूत्र हुए पार

## प्रसाद लेते समय शातिर महिलाओं ने धक्का देकर चेन तोड़ी, बर्रा थाने में दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भागवत कथा में सक्रिय टप्पेबाजों ने तीन महिलाओं को शिकार बनाया। बर्रा में चल रही कथा में शातिरों ने भक्ति में लीन तीन महिलाओं के गले से चेन व मंगलसूत्र पार कर लिए। जानकारी होने पर महिलाओं ने हो-हल्ला मचाया, मगर चोरी का जेवर का कुछ पता नहीं चला। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत कर तहरीर दी है। आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए।

बर्रा के आई-ब्लॉक में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और नाच-गाने के बीच टप्पेबाज महिलाओं के तीन महिलाओं को शिकार बनाया। गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र पार कर लिया। कथा पंडाल में गले से जेवर पार होने का पता चलने पर हड़कंप मच गया। लाइव वीडियो में भी कई महिलाएं भीड़ में घुसकर



गायत्री देवी।



सरोज।



बीना। अमृत विचार

नाच-गाने के दौरान संदिग्ध गतिविधि करती दिखाई दीं। बर्रा के सी-ब्लॉक निवासी राजेंद्र यादव की पत्नी गायत्री देवी के अनुसार सोमवार को वह प्रसाद लेने के लिए भीड़ कम होने का इंतजार कर रही थीं। जब वह प्रसाद लेने के लिए आगे बढ़ीं, तभी करीब आधा दर्जन महिलाएं पीछे से उन्हें दबाने लगीं। वह मेज की ओर झुकीं तो पीठ की हड्डी में कुछ जोर से चुभता महसूस हुआ। पति भीड़ में दबाने से मना किया, लेकिन जब प्रसाद लेकर बाहर आई तो गले से मंगलसूत्र गायब था। इसके बाद वहां मौजूद महिलाओं ने अपने जेवर देखने लगीं। पता चला कि दो अन्य महिलाओं के गले से भी सोने की चेन गायब है। जिसमें आई ब्लॉक निवासी सुरेश चंद्र शुक्ला की पत्नी बीना ने व उनकी पड़ोसी महेश चंद्र मिश्रा की पत्नी सरोज के गले से भी चेन गायब थी। बीना के अनुसार कार्यक्रम में नाच-गाने व धार्मिक आयोजन में वह व्यस्त थीं, तभी अचानक उन्हें कुछ अजीब महसूस हुआ। बाद में पता चला कि उनके गले से सोने की चेन गायब है। सरोज के अनुसार उनकी चेन आरती के दौरान ही निकाली है। गायत्री ने बताया कि एक धार्मिक चैनल पर चल रहे लाइव वीडियो में कुछ महिलाएं दिखीं, जिन्हें इलाके के लोग पहचान नहीं पा रहे हैं। वहीं महिलाएं भीड़ में नाचती नजर आ रही हैं। एक महिला जमीन से कुछ उठाकर अपने पास रखते दिखाई दे रही है। बीना के बेटे अंकित शुक्ला ने बर्रा पुलिस से शिकायत की है। थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव के अनुसार मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# मेगा ब्लाक से कई ट्रेनों का रूट बदला

**कानपुर।** दिल्ली मंडल में शाहबाद मारकंडा एवं मोहरी स्टेशन पर पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक कार्य के चलते कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी जबकि कुछ ट्रेनों के रूट में कटौती और कुछ गाड़ियों के रूट में परिवर्तन किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है इस दौरान यदि आप यात्रा करने की सोच रहे हैं तो आरक्षण कराने से पहले ट्रेनों के बारे में पता कर लें, अन्यथा परेशानी हो सकती है।

### इन गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित रहेगा

- गाड़ी संख्या 12311 हावड़ा-कालका 29 मई एवं 3 जून 2026 तक गाजियाबाद, दिल्ली, सब्जी मंडी, सोनीपत, गन्नौर, समालखा, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 18101 टाटानगर-जम्मू तवी 29 एवं 31 मई के अतिरिक्त 3 जून 2026 को अजायबपुर, गाजियाबाद, दिल्ली, सब्जी मंडी, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, शाहबाद मारकंडा होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्यचा 18309 संबलपुर-जम्मू तवी 30 मई, 1 व 2 जून 2026 को अजायबपुर, गाजियाबाद, दिल्ली, सब्जी मंडी, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, शाहबाद मारकंडा होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 11077 पुणे-जम्मूतवी 29 मई से 3 जून 2026 तक सब्जी मंडी, नरेला, सोनीपत, गन्नौर, समालखा, पानीपत, घरौंडा, करनाल, तरावड़ी, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, राजमपेट, सरिहंद, गोविंद गढ़, खन्ना होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 11905 आगरा छावनी-होशियारपुर 30 मई से 4 जून 2026 तक पानीपत, करनाल, अंबाला कैंट, चंडीगढ़ होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 12925 बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर 5 जून 2026 को सब्जी मंडी, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, ढोला माजरा होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 12715 नांदेड़-अमृतसर 5 जून 2026 को नई दिल्ली, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 20434 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-सूबेदारगंज 30 मई से 4 जून 2026 तक कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, समालखा, सोनीपत, नरेला, आदर्श नगर दिल्ली, सब्जी मंडी, दिल्ली होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 12312 कालका-हावड़ा 30 मई से 4 जून 2026 तक कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, समालखा, गन्नौर, सोनीपत, आदर्श नगर दिल्ली, सब्जी मंडी, दिल्ली, गाजियाबाद होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 18102 जम्मू तवी-टाटानगर 30 मई, 1 व 3 जून 2026 को शाहबाद मारकंडा, कुरुक्षेत्र, करनाल, बाबरपुर, पानीपत, सोनीपत , सब्जी मंडी, दिल्ली, गाजियाबाद होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 18310 जम्मू तवी-संबलपुर 31 मई, 2 व 4 जून 2026 को शाहबाद मारकंडा, कुरुक्षेत्र, करनाल, बाबरपुर, पानीपत, सोनीपत, सब्जी मंडी, दिल्ली, गाजियाबाद होकर चलेंगी।
- गाड़ी संख्या 11906 होशियारपुर -आगरा छावनी 30 मई से 4 जून 2026 तक साहिबजादा नगर, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, करनाल, पानीपत होकर चलेगी।
- गाडी.संख्या 15708 अमृतसर-कटिहार 6 जून 2026 को करनाल, पानीपत, बादली, सब्जी मंडी, दिल्ली होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 14218 चंडीगढ़-प्रयागराज संगम 6 जून 2026 को शाहबाद मारकंडा, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, समालखा, गन्नौर, सोनीपत, नरेला, सब्जी मंडी, दिल्ली, साहिबाबाद, गाजियाबाद होकर चलेगी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अलग-अलग घटनाओं में हुए थे घायल, चल रहा था इलाज

**अमृत विचार।** विभिन्न सड़क हादसों में घायल बुजुर्ग महिला समेत तीन की जान चली गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

नौबस्ता के पशुपतिनगर निवासी 62 वर्षीय शिव सागर दुबे 25 फरवरी को स्कूटी से काम के सिलसिले में निकले थे। परिजनों ने बताया कि ई-रिक्शा ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल शिव सागर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिवार में पत्नी सुनीता, दो बेटे





शिव सागर। नाजरीन।

रोहित व राहुल और बेटी श्रृष्टि है। इसी तरह मछरिया की रहने वाली 72 वर्षीय बुजुर्ग नाजरीन आवास विकास के पास चाय की दुकान किए थी। परिवार में तीन शादीशुदा बेटियां हैं। भतीजे मो. युनूस ने बताया चार मार्च को होली खेलकर लौट रहे नशेबाज बाइक सवारों ने उन्हें टक्कर मार दी थी। गंभीर अवस्था में उन्हें हैलट में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं बर्रा में 60 वर्षीय प्रमोद कुमार तिवारी सोमवार दोपहर 12 बजे वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे।

बेटे अमित कुमार ने बताया कि बी-ब्लाक गोविंदनगर के रहने वाले प्रमोद काम के चक्कर में घर से निकले थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को परिजनों ने हैलट में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## उधारी मांगने पर पीटा, तोड़फोड़

**कानपुर।** हनुमंत विहार में चाय दुकानदार ने उधारी की रकम मांगी तो आरोपियों ने मारपीट की। इसके साथ ही दुकान में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। यशोदानगर निवासी राजकुमार की नौबस्ता बाईपास के पास चाय की दुकान हैं। दिन के समय मंधना निवासी उमेश पाठक दुकान देखता हैं। उमेश ने बताया कि दुकान के पीछे ही मौरंग-गिट्टी की दुकान हैं। जिसमें बैठने वाले लोगों का उधार बकाया है। मंगलवार को उधार सामान देने से इंकार कर दिया और पुरानी बकाया चुकाने को कहा तो आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने उन्हें दुकान से खींचकर पीटा और काउंटर समेत सामान पर तोड़फोड़ की।

# तीन दिन फंदे पर लटका रहा शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर पर अकेली थी नवविवाहिता भाई के पहुंचने पर घटना का पता चला, मचा कोहराम
- एक साल पहले ही किया थ प्रेम विवाह, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** गुजैनी में नवविवाहिता का सड़ा-गला शव फंदे पर लटका मिला। तीन दिन से शव फंदे पर लटका था। घर पर अकेली युवती से मिलने उसका भाई पहुंचा तब घटना का पता चला। पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मायके पक्ष ने हत्या का शव फंदे से पर लटकाने का आरोप लगाया है। जबकि ससुरालियों का कहना है कि युवती गुस्सैल थी, विवाद के बाद आवेश में आकर उसने यह कदम उठाया है।

वरूण विहार निवासी विनय राठौर इलेक्ट्रानिक दुकान में अकाउंटेंट हैं। उसका बर्रा विश्व बैंक एच-ब्लॉक निवासी 28 वर्षीय नीलम साहू से प्रेम प्रसंग था। दोनों ने एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। भाई शुभम के अनुसार विनय मूलरूप से कानपुर देहात के रहने वाले हैं। मौजूदा समय में वह सिकंदरा के बुदौली में मकान का निर्माण करा रहे हैं। शुभम के अनुसार बहनोई ने सोमवार शाम उन्हें फोन करके कहा कि कई दिन से बहन नीलम उनका फोन नहीं उठा रही है। इस पर उसे तत्काल घर जाकर देखने को कहा। जब वह घर पहुंचा तो बहन का सड़ा-गला शव फंदे से लटका पाया। कमरे में भीषण दुर्गंध थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम भेजा। भाई के अनुसार शव की स्थिति देखकर करीब तीन दिन पहले फंदे से लटकने की आंशका है। शुभम के अनुसार विवाद के बाद बहनोई ही हत्या का शव फंदे से लटकाकर भागा है। वहीं विनय के अनुसार मकान के निर्माण के चलते वह सिकंदरा में था। पत्नी को तीन दिन उसने फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। फिर संदेह होने पर साले शुभम को भेजा था। उन्हें जानकारी नहीं है कि पत्नी ने किस वजह से आत्महत्या की है। गुजैनी थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि पति विनय को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का रोजा इफ्तार आज

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विंग मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के द्वारा बुधवार 11 मार्च को इफ्तिखाराबाद स्थित चीना पार्क में रोजा इफ्तार कराया जा रहा है जिसमें मंच से जुड़े कई वरिष्ठ पदाधिकारी शिरकत करेंगे।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कानपुर के प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी ने बताया कि होली मिलन समारोह एवं रोजा इफ्तार का आयोजन 11 मार्च 2026 को दिन बुधवार शाम 6:00 बजे चीना पार्क गेस्ट हाउस इफ्तिखाराबाद में किया जाएगा जिसमें आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का पैगाम दिया जाएगा।

**गोरखधंधा** | कुछ लोगों ने देश के कई प्रांतों में सेटिंग का ठेका लिया

# आरटीओ को सेट करना हो तो हमसे मिलें

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन की टीम की पूरी जानकारी लेने वाले एवं सेटिंग करने वाले दलाल वाट्सएप ग्रुप पर सक्रिय हो गये हैं। ये बाकायदा आडियो व फोटो भेजते हुए स्पष्ट कर रहे हैं कि प्रवर्तन दल की टीम कहां पर है। आडियो में कहा जा रहा है कि आरटीओ प्रवर्तन की टीम को सेट करना है तो हमसे संपर्क करें। हालांकि अभी कानपुर जिले को नहीं जोड़ा गया है लेकिन यूपी के कई जिलों के नाम शामिल हैं।

दरअसल संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन का काम ओवर लोड वाहन, यातायात नियमों




की धज्जियां उड़ाने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने का है लेकिन ज्यादातर सेटिंग गेटिंग चलते वाहनों पर कार्रवाई के बजाय सब ऑल इज वेल रहता है। वाहन स्वामी कभी कभी जुगाड़ लगाने वालों तक नहीं पहुंच पाते जिससे प्रवर्तन के नाम पर ब्लैकमेल भी होते हैं लेकिन अब ऐसे वाहन स्वामियों के लिए कानपुर नगर में एक ऐसा वाट्सएप ग्रुप सक्रिय हो गया है जिसमें कई जिलों के आरटीओ को सेट करने का दावा किया जा रहा है। कुछ जिलों के आरटीओ के सामने ओके लिखा जा रहा है, यानी ये जिला ओके है, जैसे चाहें वाहन चलाएं।

### आरटीओ के एक-एक मिनट का लोकेशन दे रहा ग्रुप

- आरटीओ प्रवर्तन की टीम कहां है, रूट पर है या घर पर है, ये वाट्सएप ग्रुप वाहन स्वामियों एवं चालकों को एक एक मिनट की जानकारी दे रहा है कि कौन से जिले में अभी आरटीओ रूट पर नहीं है और कौन से रूट पर आरटीओ चेकिंग कर रहा है। बाकायदा आडियो के माध्यम से वाहन चालकों को निर्देशित किया जा रहा है, यहां प्रवर्तन दल है, अभी कहीं रुक जाओ। प्रवर्तन दल के टीम की फोटो भी शेयर की जा रही है, किस रूट पर प्रवर्तन दल चल रहा है।

### रायबरेली समेत कई जिलों के आरटीओ फंस चुके

- बताते चलें कि रायबरेली समेत कई जिलों के प्रवर्तन दल के अधिकारी इस प्रकार को मामलों में फंस चुके हैं, कानपुर में जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की मीटिंग में भी एमएलसी अरुण पाठक ने ये मामला उठाया था और कहा था कि आरटीओ 80-80 हजार रुपये महीना किराये के फ्लैट में रहते हैं, आखिर ये पैसा कहां से आता है। एमएलसी ये मामला उस समय उठाया था जब एक निर्माणाधीन मकान का स्वामी अपने ट्रैक्टर से मैटीरियल लेकर जा रहा था और कानपुर देहात के प्रवर्तन टीम ने ट्रैक्टर पर कार्रवाई कर दी थी।

## पॉलिथीन में गोबर भरकर खेली होली

**कानपुर।** नजीराबाद में होली पर पॉलिथीन के पैकेट में गोबर भरकर मारने के विरोध में दबंगों ने युवक पर जानलेवा हमला कर जातिसूचक गालियां दी। भतीजे को बचाने पहुंची बुआ से आरोपियों ने छेड़छाड़ की। पीड़ित के चाचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर निवासी युवक के अनुसार चार मार्च की दोपहर उनका बेटा व भतीजा होली खेल रहे थे। तभी इलाकाई प्रांशु सिंह, हिमांशु सिंह व उसका पिता सुरेंद्र सिंह, अमित समेत अन्य लोग पॉलिथीन में गोबर भरकर बच्चों के मुंह पर मारने लगे। भतीजे के मुंह में गंदगी जाने पर उसने विरोध किया तो आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देकर मारपीट की। शोर सुनकर भतीजे को बचाने पहुंची बेटी से आरोपियों ने छेड़छाड़ की। धमकी देकर भाग गए।

# बोगस फर्म के जरिये 1.73 करोड़ की कर चोरी, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्म ने करोड़ों के फर्जी बिल व ई-वे बिल जारी कर सरकार को किया गुमराह

**अमृत विचार।** स्वरूपनगर में फर्जी फर्म बनाकर 1.73 करोड़ की कर चोरी की गई। साथ ही फर्म ने करोड़ों रुपये के फर्जी बिल व ई-वे बिल भी जारी कर सरकार को गुमराह करने की कोशिश की। जीएसटी विभाग की जांच में खुलासा होने पर राज्य कर अधिकारी ने फर्म स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

राज्य कर अधिकारी दीपक सिंह की तहरीर के अनुसार केंद्रीय क्षेत्राधिकार में पंजीकृत फर्म एसएस इंटरप्राइजेज को बीती 15 दिसंबर को जीएसटी नंबर जारी किया गया था। फर्म की स्वामिनी के रूप में प्रतापगढ़ के पर्वतपुर निवासी सिम्मी सिंह का नाम दर्ज है। जांच के दौरान जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों की समीक्षा में कई संदिग्ध तथ्य सामने आए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 के दौरान फर्म की ओर से लगभग 6.50 करोड़ रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दिखाते हुए करीब 1.17 करोड़ रुपये का अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट विभिन्न फर्मों को पास-ऑन किया गया। इसके अलावा ई-वे बिल पोर्टल के अनुसार फरवरी 2026 में करीब 3.20 करोड़ रुपये की सप्लाई के ई-वे बिल भी जारी किए गए। जिनमें करीब 56.25 लाख रुपये का टैक्स व आईटीसी शामिल है। इस तरह फर्जी टैक्स इनवाइस और ई-वे बिल के जरिए कुल मिलाकर लगभग 1.73 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति हुई। बीती 10 फरवरी को जब विभागीय टीम ने फर्म के घोषित व्यापार स्थल की जांच की तो वहां कोई भी व्यापारिक गतिविधि नहीं मिली। जीएसटी पंजीकरण के समय अपलोड किया गया बिजली बिल और किरायानामा भी फर्जी पाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सिम्मी सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सिटी ब्रीफ

### बेंगलुरु फ्लाइट फुल दिल्ली-मुंबई खाली

**कानपुर।** मंगलवार को कानपुर से बेंगलुरू जाने वाली फ्लाइट में 223 यात्रियों ने उड़ान भरी जबकि 213 यात्री कानपुर आये। दिल्ली की फ्लाइट में 172 यात्री ही गए जबकि 138 यात्री दिल्ली से कानपुर आये। मुंबई की फ्लाइट में 190 यात्री कानपुर आये जबकि 198 यात्रियों ने मुंबई के लिए उड़ान भरी।

### सेंट्रल पर परिजनों से बिछड़ा किशोर

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर कानपुर देहात के डेरापुर का एक किशोर अपने परिजन से बिछड़ गया। चेकिंग के दौरान जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने किशोर से पूछताछ की और अपने कब्जे में लेकर किशोर को उसके परिजन तक पहुंचाया।

### महिला आयोग आज सुनवाई करेगा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी एवं अनिता गुप्ता बुधवार यानी 11 मार्च को सर्किट हाउस में प्रातः 11 बजे से महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक करेंगी जिसमें महिलाओं से संबंधित समस्याओं की सुनवाई कर उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

### चमनगंज में जलसा

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत ने चमनगंज में जलसा आयोजित किया जिसमें तंजीम के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने अल्लाह और सहाबा की मदद से मक्का फतह किया।

### चंदन लगा स्वागत

**कानपुर।** सरसैया घाट में लगे गंगा मेला पर समाजवादी पार्टी के कैंप में आए अथितियों का चंदन लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें गंगा मेला पर्व की शुभकामनाए दी। अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि ये पर्व बहुत ऐतिहासिक है और हमारी परम्परा से जुडाव रखता है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, सचिन तांगडी, नंदलाल जयसवाल, शबाब अबरार, रजत मिश्रा, आनंद शुक्ला समेत आदि रहे।

### यहां आज गुल रहेगी बिजली

**कानपुर।** बसंत विहार, केशव नगर, वैष्णों देवी मंदिर, संजय गांधी नगर, ताज नगर, साकेत नगर, जूही



कला, मछरिया, हमीरपुर रोड, बाबा नगर, आनंद विहार, दमोदर नगर में बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नहीं रहेगी। दबौली के गोपाला, एचआईजी पार्क, विजय नगर, गंगपुर व सेल्टर-7 में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक गुल रहेगी।

### ट्रक की टक्कर से गई बिजली

**कानपुर।** हैरिसगंज उपकेंद्र के मीरपुर फीडर से जुड़े आवासों व दुकानों की बिजली सुबह 10 बजे ट्रक की टक्कर से बिजली पोल व ब्रेकेट टूटने की वजह से गुल हो गई। मेले में सक्रिय केस्को टीम ने जानकारी पर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया और दोपहर करीब एक बजे बिजली आ सकी। वहीं, एचटी लाइन पर पेड़ की डाल आने की वजह से दमोदर नगर की बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक नहीं थी।

# 50,000 प्रतिष्ठानों और 2 लाख लोगों पर खाने-पीने का संकट

## कामर्शियल सिलेंडर की कमी से शहर में भी बंद होने लगे होटल-रेस्टोरेंट, ठेले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लाखों लोग ठेलों, खोमचों पर काम चलाऊ खाना खाकर बिताते हैं दिन
- छोटे होटलों, दुकानों में खाने के लिए मजदूरों की लगती लाइन



**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के चलते गहराये गैस संकट की चिंगारी अपने शहर में भी पहुंच चुकी है। कानपुर एक औद्योगिक नगरी है, यहां 10 लाख से अधिक दिहाड़ी मजदूर, फैक्ट्री वर्कर्स आदि काम करते हैं जिसमें लाखों मजदूर ऐसे हैं जो शाम को कारखाना से निकलने के बाद रोजाना किसी ठेला, खोमचे से खाने-पीने का सामान लेकर अपने दिन काट लेते हैं लेकिन कामर्शियल सिलेंडर बंद होने के बाद शहर में लगभग 50,000 छोटे-बड़े होटलों, फास्ट फूड ठेलों खोमचों आदि एवं 2 लाख से अधिक लोगों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। कई होटलों के पास एक ही कामर्शियल सिलेंडर है जो खत्म हो चुके हैं और ऐसे होटल रेस्टोरेंट, खाने पीने की दुकानें बंद होने लगी हैं।

मंगलवार को शहर में होटल, रेस्टोरेंट, खाने-पीने की दुकानें ज्यादातर खुली रहीं लेकिन दुकानदारों के पास एक दो दिन का ही स्टाक है। कानपुर नगर में कामर्शियल गैस सिलेंडर के ब्लैकमेलिंग के रास्ते खुलते नजर आ रहे हैं। यहां सबसे ज्यादा गली गली में समोसा, चाय, मिठाई, वेज और नानवेज की दुकानें खुली हुई हैं क्योंकि लोगों को नौकरी मिल नहीं रही है और जिसे मिल रही है, उसका उतने वेतन में भला नहीं होना है। इसीलिये लोगों ने अपने कारोबार खोल लिये हैं। अब गैस की किल्लत सामने आते ही ब्लैकमेलिंग शुरू हो गयी है। जगह जगह गैस के छोटे सिलेंडर बिक्री करने वालों भी सिलेंडर रोक लिये हैं ताकि उन्हें ऊंचे दामों में बेचा जा सके।

### गैस एजेंसियों ने आपूर्ति रोकी

- अमेरिका-ईरान युद्ध की स्थिति को भांपकर गैस एजेंसियों ने कई दिन पहले ही घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति भी रोक दी। कई लोगों ने एक माह पहले सिलेंडर बुक कराया था लेकिन उनके पास आजतक सिलेंडर नहीं पहुंचा और ऐसे लोगों के सामने समस्या खड़ी हो गयी है। तमाम लोग गैस एजेंसी में चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कर्नलगंज निवासी मोहम्मद जमील का गैस कनेक्शन नंबर सीएक्स 18023260 है, उनका कहना है कि कानपुर गैस एजेंसी से उन्हें गैस की आपूर्ति होती है। एक माह पहले उन्होंने गैस बुक कराई थी लेकिन आजतक उनके पास गैस नहीं पहुंची। एजेंसी से कहा जाता है कि कल पहुंच जाएगी।

### 150 रुपये की एक किलो गैस

- होली और रमजान के चलते शहर में गैस की खपत अधिक है जिसका ब्लैकमेलर फायदा उठाने में जुट गये हैं। कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने के बाद से ब्लैकमेलर एक किलो गैस 150 रुपये की दे रहे हैं। हजारों मजदूर छोटे छोटे सिलेंडर रखे हुए हैं, 120 रुपये में भराकर एक हफ्ता दस दिन तक काम चला लेते थे।

### क्या बोले जिम्मेदार

- घरेलू सिलेंडर को प्राथमिकता में रखा गया है ताकि घरों में लोगों को किल्लत नहीं हो, कामर्शियल सिलेंडर रोके गये हैं, जल्द ही कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति नहीं रोकी गई है, जिनकी गैस बुक है, उनके यहां सिलेंडर जा रहे हैं।

**भारतीय मिश्रा, महामंत्री, गैस एजेंसी एसोसिएशन**



डीएम ने गैस एजेंसी वालों के साथ बैठक की। अमृत विचार

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः डीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जनपद में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य, अफवाहों पर न दें ध्यान
- जनपद में कुल 11 लाख 44 हजार 75 सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं

**अमृत विचार।** जनपद में एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में क्रूड ऑयल, पेट्रोल-डीजल और घरेलू एलपीजी की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान एडीएम (सिविल सप्लाई) राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार सिंह और पेट्रोलियम कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। वर्तमान में जनपद में कुल 11 लाख 44 हजार 75 सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं, जिनमें आईओसीएल के 7 लाख 15 हजार 814, बीपीसीएल के 2 लाख 21 हजार 252 और एचपीसीएल के 2 लाख 7 हजार 9 उपभोक्ता शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि कोई व्यक्ति ब्लैक मार्केटिंग करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने गैस कंपनियों को यह भी निर्देश दिया कि सिलेंडरों की आपूर्ति फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर की जाए, जिससे पहले बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता मिल सके।

डीएम ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर पर ही पहुंचाए जाएंगे और डिलीवरी के समय ओटीपी व्यवस्था अनिवार्य रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें, क्योंकि जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है।

बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में कुल 319 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जहां पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। वहीं अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी।

# एक बाइक पर चार सवारी, तेज रफ्तार ने पेंटर की जान ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- युवक बाइक छोड़कर फरार नशे में होने की बात आई सामने




**अमृत विचार।** गोविंदनगर में भाटिया भवन के पास तेज रफ्तार बाइक सवार चार युवकों ने सड़क पार कर रहे पेंटर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक छोड़कर मौके से भाग निकले। गंभीर हालत में घायल पेंटर को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर हैलट रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। डीबीएस कच्ची बस्ती निवासी 40 वर्षीय चंदन पेशे से पेंटर थे और चार भाइयों में सबसे बड़े थे। छोटे भाई सरवन के अनुसार चंदन की पत्नी रीना की करीब 13 साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। परिवार में एक बेटा पवन और दो बेटियां जान्हवी व बाला हैं। मंगलवार शाम वह घर के बाहर सड़क पार कर रहे थे, तभी गोविंदपुरी पुल की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही बाइक, जिस पर चार युवक सवार थे, ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चंदन उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक शराब के नशे में थे और हादसे के बाद बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। चंदन की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। चौकी प्रभारी अमित फौजदार ने बताया कि बाइक को कब्जे में ले लिया गया है और फरार युवकों की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## 40,664 परीक्षार्थी पहुंचे परीक्षा केंद्र

**कानपुर।** शहर में गंगा मेला के दिन सिविल लाइंस, छावनी क्षेत्र, किदवई नगर, गोविंद नगर सहित अन्य क्षेत्रों में बने परीक्षा केंद्रों में करीब 40,664 परीक्षार्थी रंगों से काफी बचते हुए केंद्रों पर चित्रकला का पेपर देने पहुंचे। वहीं, सीबीएसई 10वीं की कापियों के मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को भी केंद्रों तक रंग-गुलाल से बचकर पहुंचना पड़ा।

केंद्रों पर सीबीएसई 10वीं की फ्रेंच विषय की परीक्षा हुई। वहीं, मंगलवार से सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा खत्म हुई, जबकि 12वीं की परीक्षाएं जारी रहेंगी। 10वीं के 39,903 में से 38,028 विद्यार्थियों ने चित्रकला की परीक्षा दी।



## कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसाय वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/मनरेगा/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक 10/03/2026

### अति अल्पकालीन निविदा – सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 17/03/2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसाय वि0ख0 सरीला में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 11/03/2026 से दिनांक 17/03/2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 17/03/2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 17/03/2026 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसाय वि0ख0 सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मनरेगा | ग्रा0पं0 भैंसाय की गौशाला में पशु शेड निर्माण कार्य। | 361827.00 | 7236.54 | 450+81 | 03 माह | भैंसाय |
| 2 | मनरेगा | ग्रा0पं0 भैंसाय में इन्द्र के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 146853.00 | 2937.06 | 450+81 | 03 माह | भैंसाय |

अन्य शर्तेः 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत भैंसाय
विकासखण्ड– सरीला (हमीरपुर)


# कानपुर चैप्टर का निर्माण, नए सदस्यों को जोड़ेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




बैठक को संबोधित करते डॉ. उमेश पालीवाल। अमृत विचार

- एकल विद्यालय अभियान के तहत आरोग्य फाउन्डेशन ऑफ इण्डिया की बैठक

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर स्थित हेरिटेज होम में मंगलवार को एकल विद्यालय अभियान के अन्तर्गत आने वाले आरोग्य फाउन्डेशन ऑफ इण्डिया की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमे कानपुर चैप्टर के निर्माण व नए सदस्यों को जोड़ने की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम के पूर्व संस्था के ट्रस्टी, केंद्रीय अधिकारी व डॉक्टरों ने मिलकर भविष्य की योजना आरोहम (वरिष्ठ नागरिक गृह) हैप्पीनेस होम बिठूर में बनाई। विष्णुपुर गांव में संचालित योजना का निरीक्षण भी किया गया।

फाउंडेशन के ट्रस्टी डॉ.उमेश पालीवाल ने बताया कि कानपुर अंचल में 411 गांव में एकल विद्यालय संचालित हैं। 90 गांवों में आरोग्य सेविका के माध्यम से गांवों में स्वास्थय के प्रति जागरूकता, रोग से बचाव, खानपान, दिनचर्या को ठीक कर व स्वास्थय परीक्षण कर समय से रोग की पहचान की जा रही है। गांवों में उपलब्ध हर्बल चिकित्सा के माध्यम से उपचार व सरकारी संसाधनों का बेहतर सद्पयोग और टेली मेडिसिन से दूर उपलब्ध डॉक्टरों को विस्तार देने और पूरे अभियान को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिये शाम को आरोग्य फाउन्डेशन के कानपुर चैप्टर निर्माण के लिए नये सदस्यों को जोडा गया है, उन्हे तीन से चार माह में योजना को भली-भांति समझने व विधिवत् चैप्टर गठन के लिये प्रेरित भी किया गया। बताया कि एकल अभियान के अंतर्गत एक लाख दूरस्थ गावों में और बनवासी क्षेत्रों में एक स्वयंसेवी आचार्य के माध्यम से 25 से 30 बच्चों को शाम के समय तीन घंटे शिक्षा दी जाती है। इस विशेष सेवा कार्य के लिए राष्ट्रपति ने एकल अभियान को भारत रत्न के बाद सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार गांधी शान्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। एकल अभियान पूरे भारत में शिक्षा, चिकित्सा, संस्कार, स्वावलम्बन के कार्यों में बिना सरकारी सहायता के निरन्तर कार्य कर रहा है।

### ये लोग रहे मुख्य रूप से मौजूद

- अमेरिका से आए डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. सच्चिरतन, कोलकाता से आए रमेश महेश्वरी, मनोज मोदी, रांची से डॉ.मुकुल भाटिया, बैंगलोर से सरिता भंसाली, शहर से डॉ.रीता मित्तल, सुभाष गुप्ता, अवधबिहारी मिश्र, ध्रुव रूइया, अरविन्दर गगन भाटिया, प्रेम त्रिपाठी, राजेश ग्रोवर, नन्द किशोर अग्रवाल, मुकेश पालीवाल, नरेश महेश्वरी, अभिषेक अग्रवाल, पूर्व जिला जज सत्येन्द्र सिंह, अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश निगम, डॉ. दीपक श्रीवास्तव समेत आदि लोग रहे।

**रमजान** — इस मुकद्दस महीने में नेकी करना लाजिमी, साथ में गुनाहों से बचें

# गरीबों की मदद कर अल्लाह को राजी करो

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- उत्तर प्रदेश जमीअत उलमा के महासचिव मौलाना बोले



मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश जमीअत उलमा के महासचिव मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी का कहना है कि मुसलमानों से कहा है कि अपने अल्लाह को इस मुकद्दस महीने में राजी करना है तो गरीबों की मदद करें। इस महीने में खूब इबादत करें, नेकी कमाएं लेकिन इस बात का भी ख्याल रखें कि आपसे कोई गुनाह भी नहीं हो। रमजान की तरह आम दिनों में भी मस्जिदों को आबाद करें।

जाजमऊ स्थित शीतला बाजार जामा मस्जिद में जमीअत के प्रदेश महासचिव ने कहा कि रमजान का महीने में जितना हो सके, इबादत करें, गरीबों, बेवाओं, बेसहारा लोगों की मदद करें। रमजान-उल-मुबारक के महीने में जकात निकालना जरूरी है, जकात निकालें और अपने माह को शुद्ध करें। मौलाना ने कहा कि इस महीने में संकल्प लें कि हम सबको इस महीने में ही नहीं बल्कि हमेशा गुनाहों से बचना है। मौलाना अब्दुल्लाह कासमी ने हदीस-ए-पाक का हवाला देते हुए कहा कि "हजरत अबू हुरैरा रजियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमायाः 'तुम अपने आप को गुनाहों से बचाना शुरू कर दो, तो तुम सबसे बड़े इबादत गुजार बन जाओगे। मौलाना ने कहा कि रमजान के महीने में पूरी मस्जिद फुल रहती है लेकिन जैसे ही रमजान खत्म होता है तो मस्जिद की दो से तीन सफ भी भरना मुश्किल हो जाता है। जुमा में भी पूरी मस्जिद भरी रहती है और कई मस्जिदों में दो दो बार नमाज अदा करना पड़ता है लेकिन अफसोस आम दिनों में मस्जिदें खाली रहती हैं।

### तजुर्मे वाली तरावीह मुकम्मल

- **कानपुर।** चमनगंज स्थित गुलशन मैरिज हाल में तजुर्मे वाली तरावीह मुकम्मल हो गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शुरुआती दौर में हाफिज मोहम्मद वकार ने 16 पारे मुकम्मल किये जबकि हाफिज अराफात ने 14 पारे मुकम्मल किये। इस मौके पर मुफ्ती अब्दुर्रशीद ने विचार रखे। अख्तर हुसैन अख्तर, मोहम्मद सुलेमान, मोईनुल इस्लाम, सैयद नजम, इरफान अंसारी, मुस्तफा तारिक, मोहम्मद शारिक नक्शबंदी, बहार अहमद, हाजी अरशद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## पांच दिन की कार्यशाला शुरू

**कानपुर।** बिहार के गन्ना उत्पादक किसानों की राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में 5 दिवसीय एक्सपोजर विजिट सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान 50 किसानो ने संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान बिहार सरकार के सहायक निदेशक विवेक सिंह,, सहायक निदेशक एवं ईख प्रसार अधिकारी रोशन पटेल, आदित्य कुमार पल्लव, जगदीश प्रसाद चौरसिया तथा अनूप कुमार अवस्थी भी शामिल रहे। कार्यक्रम में किसानों को अधिकतम गन्ना उत्पादन की उन्नतिशील तकनीक, गन्ने की फसल में कीट प्रबंधन, गन्ने की फसल में रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने की तकनीक एवं गुड़ तैयार करने के लिए नवीनतम तकनीक की जानकारी दी जाएगी।



## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांकः मेमो/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांकः 10.03.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिचाई विभाग एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 11.03.2026 से 17.03.2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | केन्द्रीय वित्त | बिलगांव डाण्डा UPIS में बाउण्ड्री वाल निर्माण | 1,39,742/– लाख रू0 | 2,795/– रू0 | (500+ 90) रू0 | 3 माह |

**अन्य शर्ते–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी। 6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा
विकास खण्ड – गोहाण्ड (हमीरपुर)



## ढोल-मंजीरा, ऊंट-घोड़ा झूम के निकला

# रंगों का ठेला

### गंगा मेला पर शहर में जमकर रंग बरसा, शाम को सरसैया घाट पर लोगों ने गले मिलकर दी होली की बधाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर और अनूठी परंपरा गंगा मेला पर मंगलवार को जमकर रंग बरसा। सड़क पर निकला हर कोई लाल, हरे, नीले, पीले रंग से सराबोर नजर आया। जगह-जगह डीजे पर होली गीतों पर नाच-गाने के बीच होरियारों की टोलियां एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले अबीर-गुलाल उड़ाती घूमती रहीं। हटिया के रज्जन बाबू पार्क से निकले रंग के ठेले में युवाओं की उमंग और उत्साह ने मस्ती का रंग घोल दिया। शाम को सरसैया घाट पर लगे मेले में लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी।

गंगा मेला पर सुबह नौ बजे से होरियारों की टोलियां सड़कों पर निकल पड़ीं। शहर के हर हिस्से में जमकर रंग-गुलाल उड़ा। छतों- छज्जों से रंगों की बौछार की जाती रही। बच्चों ने प्रेशर पिचकारियों से हर आने-जाने वाले को भिगोया। छतों से लोगों ने बाल्टियों से रंग उड़ेला तो नीचे सड़कों और गलियों में ड्रमों में भरे रंगों से बौछार की गई।



जुलूस में ट्रैक्टरों पर सवार होकर निकले होरियारे। अमृत विचार

#### होली गीतों पर नाचे-गाए युवा

- रंगों का ठेला में देश भक्ति और होली गीत बजाते हुए चल रही साउण्ड ट्रॉलियों के बीच 6 घोड़ों और 8 ऊंटों पर बैठे होलियार लगातार रंग और गुलाल उड़ा रहे थे। 10 लोडर, 3 जैटिंग मशीन से पानी व रंगों की बौछार की जा रही थी। 7 ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सवार युवाओं की टोलियों का जोश देखने वाला था। ढोल-मंजीरा की थाप पर होरियारे मस्ती में चूर दिखे। जुलूस में इस वर्ष भैंसा ठेले शामिल नहीं रहे, जिन पर रंग भरे ड्रम रखे जाते थे। हालांकि लोडरों पर बड़े-बड़े ड्रमों में सतरंगी घोल रखा गया था, जिससे पूरे रास्ते इन्द्रधनुषी रंगों की बौछार की जाती रही। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक अमिताभ बाजपेयी, सुरेश अवस्थी, अन्नू अवस्थी उपस्थित रहे।

#### मुस्लिम समुदाय ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

- मूलगंज में मुस्लिम समुदाय ने रंग के ठेले का स्वागत पुष्प वर्षा से किया। खास बाजार केस्को सब स्टेशन व बिराहाना रोड पर तिरंगा लहराकर फूलों की बारिश हुई। रंगों का ठेला जुलूस जनरलगंज, मनीराम बगिया, मूलगंज, टोपी बाजार, चौक, कोतवाली चौराहा, कमला टॉवर, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, काहूकोठी, लाठी मोहाल होते रज्जन बाबू पार्क में आकर समाप्त हुआ। जहां शाम को बच्चों के नि :शुल्क मेला आयोजित किया गया।

#### क्रांतिकारियों को पुष्पांजलि व तिरंगा फहराकर हुआ शुभारंभ

- हटिया होली मेला कमेटी ने हटिया स्थित रज्जन बाबू पार्क को तिरंगे गुब्बारों व केसरिया झंडों से सजाया था। सुबह 9 .30 बजे जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, डीसीपी श्रवण कुमार सिंह, एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार सिंह ने कमेटी सदस्यों के साथ क्रांतिकारियों के शिलालेख पर पुष्पांजलि अर्पित कर तिरंगा झंडा फहराया। पुलिस बैण्ड ने राष्ट्रीय गीत जन-गण-मन की धुन बजाई, इसके बाद रंगों के ठेले की शुरुआत हुई। ठेलों को कमेटी संरक्षक मूलचंद्र सेठ ने रवाना किया।

#### होली का खुमार



डीएम ने झंडा फहरा कर किया मेले का उद्घाटन। अमृत विचार



नसीम सोलंकी को गले लगातीं महापौर



मुस्लिमों ने भी मेले में भाग लिया।



व्यापारी नेताओं ने कैंप लगाया। अमृत विचार



शिविर में पनकी मंदिर के महंत पहुंचे। अमृत विचार



सरसैया घाट पर मेले में भारी भीड़ उमड़ी। अमृत विचार



चुन्नीगंज स्थित ग्रेव्यार्ड में पादरियों की बैठक। अमृत विचार

## ईस्टर डॉन सर्विस के लिए रखे गए सुझाव

- क्रिश्चियन चर्चेज में पैट्रिक एम लाल अध्यक्ष, डायमंड यूसुफ सचिव बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईस्टर डॉन सर्विस मसीही समाज द्वारा यीशु के जी उठने के महापर्व को यादगार के रूप में मनाया जाता है। आगामी 5 अप्रैल को आयोजित होने वाली परंपरागत ईस्टर डॉन सर्विस की तैयारी के विषय में सभी शहर के पास्टर, फादर व मसीह समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा अपने विचार सुझाव प्रस्तुत किये गये।

मंगलवार को यूनाइटेड क्रिश्चियन चर्चेज ऑफ कानपुर की बैठक चुन्नीगंज स्थित ग्रेव्यार्ड के हल्लवे में आयोजित हुई जिसमें बड़ी संख्या में शहर के पादरी एवं फादर ने शिरकत की। पादरी डायमंड यूसुफ का कहना है कि इस बैठक में पूर्व संगठन के अध्यक्ष रेव्ह जेजे ऑलीवर द्वारा अपने पद से त्यागपत्र दिया। संगठन में उनके द्वारा 5 वर्ष का समय पूर्ण किया गया था और संगठन ने उनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। बैठक में सर्व समिति द्वारा रेव्ह डॉक्टर पैट्रिक एमलाल को अध्यक्ष एवं पास्टर डायमंड यूसुफ को सचिव चुना गया। इस आयोजन को सफल बनाने और भविष्य में आगे भी इसी संकल्प से कार्य करने हेतु संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पास्टर माइकल पतरस, पास्टर मनोज कुमार, पास्टर हानि क्लॉडियस, भाई मनोज माक्कारटीस, श्री सुशील चार्ल्स, भाई जोशुआ जॉन लाल, पास्टर संदीप सोलोमन, पास्टर नवीन सैमुअल, पास्टर संदीप विलियम, बहन मोनिका विलियम, बहन कनकलता लाल, पास्टर इंदर, पास्टर विनय, भाई प्रवीण फ्रैंक आदि उपस्थित रहे।

## राज्यों की संस्कृति, भाषा, जीवनशैली जानेंगे विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद, गोला लखीमपुर (खीरी) के बीएससी कृषि पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शैक्षणिक व व्यावहारिक ज्ञानवर्धन बढ़ाना रहा। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुरुआत की।

डॉ.अनिल कुमार सिंह ने बताया कि छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में 39 विद्यार्थी हैं। इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। विभिन्न वैज्ञानिक व शोध संस्थानों में चल रहे अनुसंधान कार्यों की जानकारी मिलती है। कहा कि इस यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा, खानपान और जीवनशैली को पास से समझने व महसूस करने का मौका मिलेगा, जिससे उनमें राष्ट्रीय एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना भी सुदृढ़ होगी। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून, भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून और वन अनुसंधान संस्थान देहरादून का शैक्षणिक अवलोकन करेंगे। उनके साथ मार्गदर्शक व प्रबंधन दल के रूप में डॉ.अरुण कुमार, डॉ.रणधीर यादव व सर्वेश पांडेय मौजूद रहेंगे।



शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवानगी को तैयार विद्यार्थी। अमृत विचार

## कोमल है कमजोर नहीं तू शक्ति का नाम ही नारी है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वर्ल्ड डे आफ प्रेयर के मौके पर महिलाओं के सम्मान में काव्य पाठ किया गया कि कोमल है कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही नारी है, नारी तू नारायणी, तुझे नमन है। वह औरत नहीं, वह जज्बा है आदि कविताएं पढ़ी गईं। हे ईश्वर, आज हम दुनिया की सभी महिलाओं के साहस, शक्ति और ममता को नमन करते हैं। उन्हें ज्ञान, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास का वरदान दें, ताकि वे बिना डरे अपने सपने पूरे कर सकें और समाज में समानता के साथ जी सकें। मंगलवार को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वर्ल्ड डे आफ प्रेयर एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 अधिकार और न्याय के लिए एक कदम एलएलजेएम मेथाडिस्ट चर्च में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डब्लूएससीएस की अध्यक्ष मोनिका विलियम ने कहा कि आइए हम महिलाओं के साहस, शक्ति और ममता को नमन करें और उनके लिए सम्मान और सुरक्षा की प्रार्थना करें।

## पानी को उबालकर पिएं और पर्यावरण को बचाएं

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 विवेकानंद ने शिवदीनपुरवा ग्राम में विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन किया।

शिवदीनपुरवा ग्राम के प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता हुई, जिसमे दौड़, रस्सी कूद, कबड्डी और मनोरंजक खेल शामिल थे, स्वयंसेवकों ने स्वच्छ जल और जल संरक्षण के विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। बताया कि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। स्वयंसेवकों ने पानी को उबालकर पीने को कहा और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने का आह्वान किया।

शिक्षा

### शुरुआत में होंगी 20 सीटें, पाठ्यक्रम की वार्षिक फीस होगी 50 हजार रुपये

## सीएसजेएमयू में मास्टर ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के शारीरिक शिक्षा विभाग के खेल क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं और पेशेवर प्रबंधन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एक नया स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मास्टर ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (एमएसएम) शुरू होगा। यह पाठ्यक्रम आगामी शैक्षणिक सत्र से संचालित किया जाएगा। इसमें प्रवेश के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि अनिवार्य होगी। इसमें प्रारम्भिक रूप से 20 सीटें हैं। इस पाठ्यक्रम की वार्षिक फीस 50,000 रुपये निर्धारित है।

कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक कहा कि वर्तमान समय में खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह एक बड़े उद्योग के रूप में विकसित हो चुका है। इसलिए खेल आयोजनों, लीग, खेल संघों, क्लबों और स्पोर्ट्स मार्केटिंग कंपनियों के संचालन के लिए प्रशिक्षित स्पोर्ट्स मैनेजमेंट विशेषज्ञों की मांग बढ़ गई है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार यादव ने बताया कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को खेल प्रबंधन, स्पोर्ट्स मार्केटिंग, प्रशासन, वित्तीय प्रबंधन और खेल आयोजन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विशेष ज्ञान प्रदान करेगा। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित यह पाठ्यक्रम दो वर्ष की अवधि का पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम होगा, जिसमें कुल चार सेमेस्टर होंगे। पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सैद्धांतिक अध्ययन के साथ इंटर्नशिप, शोध कार्य और प्रायोगिक प्रशिक्षण भी कराया जाएगा, जिससे वह खेल उद्योग की व्यावहारिक आवश्यकताओं को समझ सकें। बताया कि स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में प्रशिक्षित विद्यार्थियों के लिए खेल संघों व महासंघों, प्रोफेशनल स्पोर्ट्स लीग, स्पोर्ट्स मार्केटिंग, इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों, फिटनेस व स्पोर्ट्स अकादमी, खेल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय खेल संगठनों में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। यह नया पाठ्यक्रम युवाओं को खेल उद्योग से जोड़ने के साथ खेल प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर के नए अवसर भी प्रदान करेगा।




#### देश-विदेश में बढ़ रहा स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का महत्व

- वर्तमान समय में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का महत्व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है। विश्व के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में उच्च स्तरीय पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। भारत में भी यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और देश के प्रमुख ग्वालियर और कोलकाता में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के विशेष कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अब सीएसजेएमयू में भी इस कोर्स के संचालन से विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा।

